# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
*सम्बद्ध*
**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : **29.08.2025**

## प्रकाशनार्थ

गोरखपुर, 29 अगस्त 2025। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर शतरंज, इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''हॉकी के जादूगर'' मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस को हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में खेल के प्रति रूचि को बनाये रखना है। आज के दिन भारत के राष्ट्रपति खिलाड़ियों को उनके उपलब्धियों के लिए सम्मानित करने के क्रम में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं। खेल मंत्रालय ने 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्र व्यापी खेल और फिटनेस अभियान शुरू किया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक दिन एक घण्टा खेल के मैदान में व्यतीत करने हेतु लोगों से अपील की गई है। खेल स्वस्थ मनुष्य के लिए दिनचर्या का अनिवार्य भाग है। खेल भावना समाज में भाई–चारे को बढ़ाती है, जीवन में अनुशासन को विकसित करती है।

उद्घाटन सत्र का संचालन और विवरण डॉ. अवधेश शुक्ला, सचिव क्रीड़ा परिषद ने किया। कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय देते हुए क्रीड़ा परिषद के सदस्य डॉ. नितीश शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु रेफरी (आर्बीटर) के रूप में शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री शशि प्रकाश व अमितेश कुमार आनन्द जी को आमंत्रित किया गया है।

प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सदस्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही सबसे महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय खेल दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता बनाना, एकता का संदेश देना व खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करना है। शतरंज का खेल एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता को विकसित करता है।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी0एस0सी0 तृतीय सेमेस्टर के छात्र निखिल सिंह, द्वितीय स्थान बी.एस.सी पंचम सेमेस्टर के छात्र विवेक मिश्रा व तृतीय स्थान बी0एस0सी0 के छात्र अर्जुन गौड़ ने प्राप्त किया।

समापन सत्र का संचालन श्री विवेकानन्द ने किया, तथा आभार ज्ञापन क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित सिंह ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. हिमांशू यादव, श्री अभय सिंह, सहित महाविद्यालय के कर्मचारी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**